# IT सेक्टर में सबसे ज्यादा निवेश नोएडा में, दूसरे नंबर पर गुड़गांव

## केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने जारी किए आंकड़े, ज़िले में बनना है सेमीकंडक्टर पार्क

Dinesh.Mishra
@Timesofindia.com

■ **नोएडा :** दुनियाभर के निवेशकों की पसंद बना नोएडा अब देश की टॉप-10 सिलिकॉन (IT) सिटी की लिस्ट में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं, एनसीआर की बात करें तो नोएडा के साथ गुड़गांव भी कदमताल कर रहा है। पिछले 5 साल में आईटी सेक्टर में निवेश के मामले में नोएडा एनसीआर में पहले और गुड़गांव दूसरे नंबर पर है। हालांकि, पिछले वित्तीय वर्ष में गुड़गांव ने अपनी स्थिति सुधारी है। 2023-24 में देश के जिन 10 प्रमुख शहरों में आईटी कंपनियों ने निवेश के लिए दिलचस्पी दिखाई, उनमें नोएडा सातवें और गुड़गांव छठवें नंबर पर रहा। विशेषज्ञों का कहना है इंटरनैशनल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद नोएडा की स्थिति और मजबूत होगी। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग की ओर से जारी आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं।

### 2 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश

**एनसीआर में** आईटी सेक्टर में निवेश की बात करें तो 5 साल में नोएडा नंबर-1 है। 2019 से 2024 तक आईटी सेक्टर में यहां दो लाख 11 हजार 614 करोड़ 61 लाख रुपये का निवेश हुआ है। गुड़गांव में इस दौरान आईटी सेक्टर में एक लाख 56 हजार 339 करोड़ 88 लाख रुपये का निवेश हुआ है। बता दें कि 5 साल के दौरान नोएडा में ओवरऑल निवेश प्रस्तावों में 470% की वृद्धि हुई है। आईटी और रियल एस्टेट सेक्टर में सबसे ज्यादा निवेश हुआ है। आईटी सेक्टर में जिले का पहला सेमीकंडक्टर पार्क भी बनने जा रहा है। 48 एकड़ में बनने वाले पार्क में 13 कंपनियां निवेश करेंगी।

AI Image




■ 2019 से 2024 तक आईटी सेक्टर में ज़िले में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है

■ गुड़गांव में इस दौरान आईटी सेक्टर में एक लाख 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ

### 2023-24 में IT में कहां कितना निवेश

TOP 10 शहरों की लिस्ट

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 407088.72 |
| 2. | हैदराबाद | 121115.57 |
| 3. | पुणे | 105818.98 |
| 4. | चेन्नै | 77421.44 |
| 5. | मुंबई | 76564.55 |
| 6. | गुड़गांव | 52931.70 |
| 7. | नोएडा | 50119.10 |
| 8. | कोलकाता | 13029.69 |
| 9. | गांधीनगर | 8336.92 |
| 10. | विशाखापत्तनम | 2625.04 |

*निवेश करोड़ रुपये में*

### हीरानंदानी ग्रुप ने भी दिया यीडा सिटी में निवेश के लिए प्रस्ताव

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा :** यीडा सिटी में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में निवेश के लिए हीरानंदानी ग्रुप का प्रस्ताव भी पाइप लाइन में है। जानकारी के मुताबिक, करीब 28 हजार करोड़ का निवेश करने की रुचि इस ग्रुप ने दिखाई है। हीरानंदानी ग्रुप ने कुछ महीने पहले यमुना अथॉरिटी से सेमीकंडक्टर यूनिट में निवेश के लिए जमीन की मांग पर चर्चा की थी। वहीं, अब हाल ही मुंबई में हुई इन्वेस्ट यूपी की मीटिंग में कई कंपनियां शामिल हुई थीं। इनमें हीरानंदानी ग्रुप भी था। ग्रुप के अधिकारियों ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ निवेश के मसले पर बातचीत की। हालांकि, अभी प्रस्ताव आगे बढ़ाने को लेकर कोई अपडेट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि अन्य कई प्रस्तावों के साथ इस ग्रुप का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर बनी कमिटी के सामने जल्द रखा जा सकता है। गौरतलब है कि पिछले दिनों यीडा सिटी में पहली सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए वामासुंदरी कंपनी को जमीन का आवंटन किया गया है।